पुलिस उपायुक्त कार्यालय, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक 20.04.2024

विषयः-अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा जनपद में होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं चोरी गयी सम्पत्ति की बरामदगी हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 19.04.2024 को लंका पुलिस द्वारा जजेज गेस्ट हाउस के बगल घाट से 01 नफर अभियुक्त शिवम मिश्रा पुत्र महेन्द्र मिश्रा निवासी रामनगर चौक थाना रामनगर जनपद वाराणसी उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

दिनांक 19.04.2024 को लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत शान्त व्यवस्था बनाये रखने हेतु गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति जजेज गेस्ट हाउस के बगल घाट के किनारे खड़ा है तथा सफेद रंग के झोले में अवैध शराब लिया है एवं घूम-2 कर बेच रहा है । अगर जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को मौके से हिरासत में लिया गया।

पूछताछ विवरण-अभियुक्त द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि साहब मेरे पास झोले में अवैध शराब है जिसे मै छिपाकर घाट के किनारे आये हुए लोगो को घूम-घूम कर बेचता हूँ। शराब बिक्री से जो पैसे मिलते हैं उसी से अपना खर्चा चलता हूँ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. शिवम मिश्रा पुत्र महेन्द्र मिश्रा निवासी रामनगर चौक थाना रामनगर जनपद वाराणसी उम्र 20 वर्ष ।

विवरण बरामदगी

1. अभियुक्त के कब्जे से विंडीज लाईम 200 ML की कुल 70 शीशी कुल 14 लीटर देशी शराब बरामद ।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 19.04.2024 को जजेज गेस्ट हाउस के बगल घाट पर, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी

पंजीकृत अभियोग का विवरण -

1. मु0अ0सं0 0158/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना लंका, कमि0 वाराणसी ।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. उ0नि0 विकास कुमार मिश्रा, चौकी प्रभारी संकटमोचन, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अजय कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 राकेश कुमार यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन-काशी, कमि0 वाराणसी